भोपाल | शुक्रवार | 18 जुलाई 2025 | वर्ष 69 | अंक 164 | पृष्ठ 12 | मूल्य रु. 5.00
navabharat.com twitter.com/Nava_Bharat fb.me/NavaBharat.Social

# नव भारत

राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से

भोपाल 70 वां वर्ष संस्करण



4 मानसून सत्र में गूंजेगा पहलगाम हमला



5 मोदी के नेतृत्व में देश सुरक्षित : शाह



8 जापान ओपन से भारत का सफाया



9 भारत के साथ समझौता संभव : ट्रम्प

# स्वच्छता में इंदौर फिर सिरमौर

**23** सुपर स्वच्छ लीग शहरों और पंद्रह स्वच्छ शहरों के प्रतिनिधियों को किया सम्मानित | **10** लाख जनसंख्या वाले स्वच्छ शहरों में द्वितीय पुरस्कार भोपाल को | **50** हज़ार से तीन लाख वाले शहरों में नई दिल्ली पालिका को पहला पुरस्कार

**प्रशासनिक संवाददाता**

**नई दिल्ली/भोपाल, 17 जुलाई. स्वच्छता के मामले में मप्र के शहरों का दबदबा लगातार जारी है. देश के सबसे स्वच्छ शहरों का रूतबा इंदौर के पास बरकरार है. लगातार आठवीं बार इंदौर ने ये मुकाम हासिल कर मप्र की झोली को उपलब्धियों से भर दिया है. वहीं देश की सबसे स्वच्छ राजधानी के मामले में भोपाल ने एक बार फिर लंबी छलांग लगाते हुए दूसरे स्थान पर काबिज हो गया है.**

इन दोनों शहरों सहित प्रदेश के कुल आठ शहरों ने अलग- अलग श्रेणी में देश में बाजी मारी मारकर अपनी श्रेष्ठता साबित की है. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने इंदौर सहित शहरों को स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 पुरस्कारों से सम्मानित किया. नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित समारोह में मध्यप्रदेश के नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी ने राज्य



की तरफ से पुरस्कार ग्रहण किया.

ऐसे शहर जो कि स्वच्छता सर्वेक्षण में लगातार देश के सबसे स्वच्छ शहरों शुमार होते रहे हैं. ऐसे शहरों की अलग कैटेगरी बना दी गई थी, इनके बीच ही मुकाबला होना था. इन टॉप शहरों में भी इंदौर को कोई चुनौती नहीं मिल सकी और उसने अपना अव्वल आने का रिकॉर्ड बरकरार रखा. इंदौर को 10 लाख से अधिक जनसंख्या वाली श्रेणी में स्वच्छ लीग अवार्ड में सर्वश्रेष्ठ शहर से पुरस्कृत किया गया. इसी श्रेणी में 3 से 10 लाख जनसंख्या वाले शहरों की श्रेणी में उज्जैन को सर्वश्रेष्ठ शहर का पुरस्कार प्राप्त हुआ. शहरों की श्रेणी में 20 हजार से कम आबादी वाली जनसंख्या वाले शहरों में बुधनी सर्वश्रेष्ठ रहा. राजधानी भोपाल को 10 लाख से अधिक जनसंख्या की श्रेणी में स्वच्छ शहर का द्वितीय पुरस्कार प्राप्त हुआ है. इस मामले में भोपाल ने लंबी छलांग लगाई है.

**सर्वेक्षण में स्टार रैंक**

सर्वेक्षण में भोपाल, इंदौर, जबलपुर को 7 स्टार, देवास, रीवा और सतना को 5 स्टार रैंक प्राप्त हुई है. प्रदेश के 36 शहरों को 3 स्टार और 161 शहरों को एक स्टार रैंक मिली है.

**203 शहरों को स्टार रेटिंग**

स्वच्छ सर्वेक्षण-2024-25 में 10 लाख से अधिक जनसंख्या वाले शहरों में भोपाल दूसरे, जबलपुर 5वें और ग्वालियर 14 वें स्थान पर आया है. प्रदेश के 203 शहरों को स्टार रेटिंग प्रमाणीकरण मिला, जिसमें विगत वर्ष के 157 शहरों से 12 फीसदी अधिक शहरों ने स्टार रेटिंग प्राप्त की.

पिछले वर्ष 6वें स्थान पर खिसक गया था, लेकिन अब स्थिति सुधार ली है.

इसी श्रेणी में 50 हजार से 3 लाख जनसंख्या वाले शहरों में देवास को प्रथम पुरस्कार और 20 हजार से कम जनसंख्या वाले शहरों में शाहगंज को तृतीय पुरस्कार प्राप्त हुआ है. इसी प्रकार सफाई मित्र सुरक्षित शहर की श्रेणी में जबलपुर को पुरस्कृत किया गया है और ग्वालियर को प्रोमिसिंग स्वच्छ शहर से पुरस्कृत किया गया.

**सीएम ने स्पेन से संदेश जारी कर जताई खुशी**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण-2024 के सम्मान समारोह में इंदौर को सुपर स्वच्छ लीग सिटीज श्रेणी में देश के सबसे स्वच्छ शहर के रूप में सम्मानित किया जाना प्रदेशवासियों के लिए अत्यंत गर्व का विषय है. विगत 7 वर्षों से स्वच्छ शहरों की श्रेणी में इंदौर ने शीर्ष स्थान प्राप्त किया था.



## जस्टिस संजीव सचदेवा ने ली मप्र के चीफ जस्टिस की शपथ

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने संक्षिप्त और गरिमामय समारोह में मप्र उच्च न्यायालय के 29वें चीफ जस्टिस की शपथ मनोनीत जस्टिस संजीव सचदेवा को दिलाई. शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन गुरूवार को राजभवन के सांदीपनि सभागार में किया गया.**

राज्यपाल पटेल और उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने नव नियुक्त चीफ जस्टिस सचदेवा को शपथ ग्रहण के बाद पुष्पगुच्छ भेंट कर बधाई और शुभकामनाएं दीं. मुख्य सचिव अनुराग जैन ने शपथ ग्रहण समारोह का संचालन किया. उन्होंने राष्ट्रपति द्वारा जस्टिस संजीव सचदेवा को मप्र उच्च न्यायालय का चीफ जस्टिस नियुक्त किए जाने की अधिसूचना का वाचन किया. शपथ ग्रहण समारोह के लिये जस्टिस सचदेवा बुधवार को ही राजधानी पहुंच गये थे.

शपथ ग्रहण समारोह में खेल एवं युवा कल्याण, सहकारिता मंत्री विश्वास कैलाश सारंग, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार श्रीमती कृष्णा गौर, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार,



विधायक रामेश्वर शर्मा, हरियाणा के पूर्व राज्यपाल कप्तान सिंह सोलंकी, भोपाल नगर निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी, लोकायुक्त सत्येन्द्र कुमार सिंह, मुख्य सूचना आयुक्त विजय यादव, सदस्य मानवाधिकार आयोग राजीव टंडन, राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव केसी. गुप्ता, अपर मुख्य सचिव सामान्य प्रशासन संजय शुक्ल, प्रमुख सचिव विधि नरेन्द्र प्रताप सिंह, पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना, रजिस्ट्रार जनरल मप्र उच्च न्यायालय धरमिंदर सिंह, महाधिवक्ता प्रशांत सिंह, उच्च न्यायालय के न्यायाधीश, जिला न्यायालय एवं बार के सदस्य, विभिन्न आयोगों के पदाधिकारी सहित जन प्रतिनिधि एवं शासन-प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे.

## एक नजर में



### तरनजीत संधू बोर्ड के सलाहकार होंगे

**नयी दिल्ली.** वाशिंगटन में भारत के पूर्व राजदूत तरनजीत सिंह संधू गैर सरकारी संगठन, अमेरिका-भारत रणनीतिक साझेदारी मंच के बोर्ड के सलाहकार होंगे और मंच के भू-राजनीतिक संस्थान के अध्यक्ष की भी जिम्मेदारी संभालेंगे. राजनयिक के रूप में करीब चार दशक का अनुभव रखने वाले संधू नई भूमिका में भारत-पश्चिम एशिया-यूरोप-आर्थिक गलियारा, हिंद-प्रशांत चतुर्भुज सुरक्षा वार्ता (क्वाड) और 'भारत, इज़राइल, अमेरिका और यूएई' (आई2यू2) जैसी पहलों पर मंच की रणनीतिक गतिविधियों का मार्गदर्शन करने के लिए अपनी कूटनीतिक कुशलता का इस्तेमाल करेंगे.

### कर्नाटक में मनी लॉन्ड्रिंग का बड़ा खुलासा

**नयी दिल्ली.** कर्नाटक में मनी लॉन्ड्रिंग के एक गंभीर मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 15 से अधिक स्थानों पर छापेमारी की है. यह कार्रवाई सुश्रुति सौहार्द सहकारी बैंक और उससे जुड़ी संस्थाओं में करोड़ों की ठगी और धन शोधन की जांच के तहत की गई. मामले में एन. श्रीनिवास मूर्ति, जो इस बैंक के चेयरमैन हैं, उनकी पत्नी धरनी देवी (डायरेक्टर) और बेटी मोक्षतारा (फंक्शनल डायरेक्टर) समेत कई परिवारजनों के खिलाफ ईसीआईआर दर्ज की गई है. आरोप है कि बैंक ने लोगों को ऊंचे ब्याज का लालच देकर फिक्स्ड डिपॉजिट और टर्म डिपॉजिट में निवेश करवाया. शुरू में ब्याज दिया गया, लेकिन 2021 के बाद न ब्याज मिला, न धन वापसी. जब लोगों ने सवाल किए, तो सर्वर खराबी का बहाना बनाया गया.

### कार-बाईक की टक्कर मासूम समेत 7 की मौत

**नयी दिल्ली.** महाराष्ट्र के नासिक जिले के डिंडोरी तालुके में रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में सात लोगों की मौत हो गई. यह हादसा उस समय हुआ जब एक ऑल्टो कार और मोटरसाइकिल के बीच टक्कर हो गई, जिससे कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे नाले में जा गिरी. कार में सवार लोग नाले में फंसे रह गए और पानी में डूबने से उनकी मौत हो गई. मृतकों में तीन महिलाएं, तीन पुरुष और दो साल का एक मासूम बच्चा शामिल है. सभी लोग कोशिम्बे देवथान और सारसाले गांव के रहने वाले थे और एक रिश्तेदार के बेटे के जन्मदिन से लौट रहे थे. मृतकों की पहचान देवीदास गांगुर्डे (28), मनीषा गांगुर्डे (23), उत्तम जाधव (42), अलका जाधव (38), दत्तात्रेय वाघमारे (45), अनुसया वाघमारे (40) और भावेश गांगुर्डे (2) के रूप में हुई है.

# ईडी ने 36 करोड़ से अधिक 43 संपत्तियां की कुर्क

- वाड्रा के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग मामले में दायर आरोप-पत्र
- रियल एस्टेट कंपनी डीएलएफ को 58 करोड़ रुपये में बेची

**नयी दिल्ली, 17 जुलाई. प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा के पति और व्यवसायी रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पूरक अभियोजन शिकायत (चार्जशीट) दायर की है. यह मामला हरियाणा के शिकोहपुर में हुए एक भूमि सौदे से जुड़ा है.**

ईडी ने इस मामले में वाड्रा की कंपनी स्काईलाइट हॉस्पिटैलिटी प्राइवेट लिमिटेड और अन्य से जुड़ी



43 संपत्तियां कुर्क की हैं, जिनकी कुल कीमत 36 करोड़ रुपये से अधिक बताई गई है.

आरोप हैं कि वाड्रा की कंपनी ने ओंकारेश्वर प्रॉपर्टीज से 7.5 करोड़ रुपये में 3.5 एकड़ जमीन खरीदी और हरियाणा के तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा की सरकार ने इस जमीन को कमर्शियल कॉलोनी के रूप में विकसित करने की अनुमति दी. इसके बाद वाड्रा की कंपनी ने यह जमीन रियल एस्टेट कंपनी डीएलएफ को 58 करोड़ रुपये में बेच दी. आरोप है कि इस सौदे में भूमि लाइसेंस के दुरुपयोग और म्यूटेशन में अनियमितताएं की गईं.

2018 में हरियाणा पुलिस ने इस भूमि सौदे को लेकर एफआईआर दर्ज की थी, जिसके आधार पर ईडी ने जांच शुरू की. दिसंबर 2023 में ईडी ने यूएई के व्यवसायी सीसी थंपी और हथियार डीलर संजय भंडारी के रिश्तेदार सुमित चड्ढा के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी.

चार्जशीट में रॉबर्ट वाड्रा और प्रियंका गांधी का नाम आरोपी के रूप में नहीं है, लेकिन उनके भूमि सौदों की विस्तृत जानकारी दर्ज की गई है. ईडी के अनुसार वाड्रा और प्रियंका ने एचएल पाहवा से फरीदाबाद के अमीरपुर गांव में जमीन खरीदी और बाद में वापिस बेच दी. एजेंसी ने इस पूरी डील को संदिग्ध बताया है और मामले में आगे की जांच जारी है.

आईएएस अधिकारी अशोक खेमका ने इस सौदे में अनियमितताओं का सबसे पहले खुलासा किया था, जिसके बाद मामला चर्चा में आया.



# एमपी नगर में 10 फीट धंसी सड़क

**नवभारत प्रतिनिधि,**

**भोपाल, 17 जुलाई. राजधानी में हो रही लगातार झमाझम बारिश के बीच पीडब्ल्यूडी द्वारा बनाई गई सड़कों ने गुणवत्ता की पोल खोल दी है. गुरुवार को सुबह-सुबह एमपी नगर स्थित ज्योति टॉकीज बस स्टॉप के सामने अचानक 8 से 10 फीट सड़क धस गई. इस पर कांग्रेस ने पीडब्ल्यूडी तथा निर्माण एजेंसी पर सवाल खड़े किए हैं. गड्ढा की खबर लगते ही पीडब्ल्यूडी ने त्वरित ठेकेदार ज्ञानेंद्र से उसकी मरम्मत करवा दी. ठेकेदार ज्ञानेंद्र का कहना है कि 12 बजे जानकारी मिली थी. जिसके बाद उसको ठीक करवा दिया गया है.**

स्थानीय दुकानदार आशीष ने बताया कि सड़क पर कई ऐसे गड्ढे हैं, जो आये दिन हादसों को दावत देते हैं. यह गड्ढा लगभग 2 साल से सड़क पर था. पहले यह छोटा था, जिसको पीडब्ल्यूडी द्वारा नजरअंदाज किया गया है. यह गड्ढा वाहन चालकों के साथ पैदल चलने वालों के लिए भी जानलेवा बना हुआ था. विभाग भी किसी हादसे का इंतजार करता है, तभी वह नींद से जागता है. खबर तो यह भी है कि इस गड्ढे में कई बार फोन गिरने, पर्स गिरने तक की घटनाएं सामने आ चुकी हैं. नये शहर का सबसे व्यस्तम सड़क है, जिसमें घर घंटे हजारों वाहन गुजरते हैं. इसके आलावा फुटपाथ वाली सड़क पर भी कई गड्ढे हैं, जो अक्सर छोटी बड़ी दुर्घटनाओं का कारण बनते हैं. इस पर भी पीडब्ल्यूडी ध्यान नहीं दे रहा है.

ठेकेदार ज्ञानेंद्र का कहना है कि सड़क के किनारे और दाईं ओर सीवर का पानी नीचे से निकलता है. जो सड़क के नीचे डले पत्थर और कंक्रीट के माध्यम से सड़क को दिए गए सपोर्ट को कमजोर करता है. इस कारण सड़क धस गई होगी. यह सड़क बने लगभग 20 वर्ष हो चुके हैं. जिसकी पुनः मरम्मत की जरुरत है.

**पीडब्ल्यूडी का बेतुका तर्क : सुलभ शौचालय जिम्मेदार**

लोक निर्माण विभाग के मुख्य इंजीनियर संजय कुमार मस्के का कहना है कि यह मार्ग वर्ष 2002 में लोक निर्माण विभाग संधारण संभाग क्रं-2 भोपाल को हस्तांतरित किया गया था. इस मार्ग पर ज्योति टाकिज के पास एक अंडरग्राऊंड नाला निर्मित है, जो लगभग 50 वर्ष पूर्व पत्थर की दीवार से बनाया गया था। इसी नाले के उपर ही सार्वजनिक सुलभ शौचालय निर्मित है. जिससे नाले का निरीक्षण किया जाना संभव नहीं हो सकता है. इस नाले का ड्रेनेज सिस्टम एमपी नगर जोन-1 से जोन-2 की तरफ प्रवाह करता है। जिसकी अपस्ट्रीम की लेफ्ट साईड के 2 मीटर की पत्थर की दीवार के बायीं ओर की छोटी नाली का पानी भी इसी नाले में समाहित होता है. जिसके कारण इसकी दीवार क्षतिग्रस्त हुई है. फिलहाल मार्ग में मरम्मत कार्य किया जा रहा है।

## लद्दाख में आकाश प्राइम मिसाइल का परीक्षण

**नयी दिल्ली, 17 जुलाई.** भारतीय सेना और रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने लद्दाख के 15,000 फीट से अधिक ऊंचाई पर स्वदेशी आकाश प्राइम एयर डिफेंस सिस्टम का सफल परीक्षण किया है. यह परीक्षण सेना की वायु रक्षा इकाई और डीआरडीओ के वरिष्ठ अधिकारियों की निगरानी में हुआ, जिसे देश की हवाई सुरक्षा क्षमता को नई मजबूती देने वाला कदम माना जा रहा है. इस परीक्षण में आकाश प्राइम मिसाइल ने बेहद तेज़ गति से उड़ने वाले लक्ष्यों को दो बार सटीकता से भेदा. यह सिस्टम सतह से हवा में मार करने वाला मिसाइल प्लेटफॉर्म है, जो ड्रोन, फाइटर जेट्स और अन्य हवाई खतरों को टारगेट करने में सक्षम है.

## मोदी आज बिहार में गरजेंगे

- 12,000 करोड़ की परियोजनाओं का करेंगे शिलान्यास
- बीपीसीएल सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन योजना की रखेंगे आधारशिला

**नयी दिल्ली, 17 अप्रैल. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज बिहार और पश्चिम बंगाल के दौरे पर रहेंगे. इस दौरान वह 12,000 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास, लोकार्पण और राष्ट्र को समर्पण करेंगे. जिसमें बिहार को चार नयी अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन की सौगात देंगे.**

बंगाल दौरे के दौरान दुर्गापुर से कोलकाता तक 132 किलोमीटर लंबी प्राकृतिक गैस पाइपलाइन राष्ट्र को समर्पित करेंगे. साथ ही अनेक परियोजनाएं रेलवे, सड़क, ऊर्जा, गैस, मत्स्य पालन, सूचना



प्रौद्योगिकी और ग्रामीण विकास जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों से संबंधित हैं. इन कार्यक्रमों के दौरान प्रधानमंत्री दोनों राज्यों में जनसभाओं को भी संबोधित करेंगे और 'विकसित भारत' के लक्ष्य की दिशा में इन परियोजनाओं को निर्णायक बताया जाएगा. सूत्रों के अनुसार प्रधानमंत्री मोदी आज पूर्वाह्न 11.30 बजे बिहार के मोतिहारी पहुंचेंगे, जहां वह गांधी मैदान आयोजित समारोह में चार अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को आभासी माध्यम से हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे.

## इराक के मॉल में आग से 60 लोगों की मौत

**बगदाद, 17 जुलाई.** इराक के वासित प्रांत के अल-कुत शहर में बुधवार देर रात एक शॉपिंग मॉल में लगी भीषण आग में 60 लोगों की मौत हो गयी साथ ही 45 अन्य झुलस गए. यह हादसा उस वक्त हुआ जब मॉल में दर्जनों लोग खरीदारी और खाने-पीने में व्यस्त थे. आग लगने के कारणों का फिलहाल स्पष्ट पता नहीं चल पाया है, लेकिन सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में मॉल की ऊपरी मंजिलों से घना धुआं और आग की तेज़ लपटें उठती देखी जा सकती हैं. स्थानीय प्रशासन और दमकल विभाग को आग पर काबू पाने में कई घंटे लगे. एक रिपोर्ट के अनुसार, वासित के गवर्नर मोहम्मद अल-मियाही ने जानकारी दी है कि अब तक 59 शवों की पहचान की जा चुकी है.

**अहमदाबाद हादसे के बाद की गई जांच** | एयर इंडिया के बोइंग 787 विमानों में नहीं मिली कोई तकनीकी खामी

# सभी बोइंग 787 विमानों की जांच हुई पूरी

**नयी दिल्ली, 17 जुलाई. अहमदाबाद में हुए विमान हादसे के बाद एयर इंडिया ने अपने सभी बोइंग 787 विमानों की ईंधन नियंत्रण स्विच लॉकिंग प्रणाली की जांच पूरी कर ली है. बुधवार को एयर इंडिया ने जानकारी देते हुए बताया कि किसी भी विमान में इस प्रणाली में कोई तकनीकी खामी नहीं पाई गई है.**

पिछले महीने अहमदाबाद में हुए एक दर्दनाक विमान हादसे में 260 लोगों की मौत हो गई थी. प्रारंभिक जांच रिपोर्ट में सामने आया था कि टेकऑफ (उड़ान



भरते) के कुछ सेकंड बाद ही विमान के दोनों इंजनों में ईंधन आपूर्ति रुक गई थी. इसके बाद नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने देश की सभी विमानन कंपनियों को बोइंग 787 और 737 विमानों में ईंधन स्विच की अनिवार्य जांच के आदेश दिए थे. एयर इंडिया के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि, हमारी इंजीनियरिंग टीम ने एहतियातन सभी बोइंग 787-8 विमानों की ईंधन नियंत्रण प्रणाली का निरीक्षण किया है और जांच में कोई समस्या नहीं पाई गई है. अधिकारी ने यह भी बताया कि इन विमानों में 'थ्रॉटल नियंत्रण मॉड्यूल' प्रणाली लागू है, जिसमें यह स्विच भी शामिल होता है, जो ईंधन प्रवाह को नियंत्रित करता है.

हवाई दुर्घटना अन्वेषण ब्यूरो की प्रारंभिक पंद्रह पन्नों की रिपोर्ट में कहा गया है कि 'कॉकपिट वॉयस रिकार्डिंग' में सुना गया कि एक पायलट ने दूसरे से पूछा कि उसने ईंधन क्यों बंद किया, तो जवाब मिला कि उसने ऐसा नहीं किया. इसके बाद पायलटों के संगठन इंडियन कमर्शियल पायलट्स एसोसिएशन ने पायलट दल का समर्थन करते हुए कहा कि उन्होंने आपात स्थिति में पूरी जिम्मेदारी से काम किया. टाटा समूह के स्वामित्व वाली एयर इंडिया के पास 33 बोइंग 787 और एयर इंडिया एक्सप्रेस के पास 75 बोइंग 737 विमान हैं.

**इंफाल जा रही इंडिगो फ्लाइट में तकनीकी खराबी**


**नयी दिल्ली, 17 जुलाई.** दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट (आईजीआई) से इंफाल के लिए उड़ान भरने वाली इंडिगो एयरलाइंस की फ्लाइट संख्या 6ई 5118 में टेकऑफ के कुछ ही मिनट बाद तकनीकी खराबी आ गई, जिससे यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई. यह घटना 17 जुलाई 2025 की सुबह करीब 10-25 बजे हुई, जब विमान निर्धारित समय से नौ मिनट की देरी से उड़ान भर चुका था. टेकऑफ के तुरंत बाद पायलट को कुछ तकनीकी संकेत मिले, जिससे चिंता बढ़ गई. उस समय विमान उत्तर प्रदेश के जेवर के ऊपर उड़ रहा था.

## ईडी के यूपी-मुंबई में 14 जगह छापे

जलालुद्दीन के 68 करोड़ की संदिग्ध फंडिंग का खुलासा

**नयी दिल्ली, 17 जुलाई, धर्मांतरण रैकेट के मास्टरमाइंड जलालुद्दीन उर्फ छांगुर के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की कार्रवाई गुरूवार सुबह 5 बजे से शुरू हुई और दिनभर चलती रही. ईडी ने यूपी के 12 और मुंबई के 2 ठिकानों समेत कुल 14 जगहों पर छापे मारे. छांगुर से जुड़े बैंक खातों और लेन-देन की जांच के दौरान कई अहम सुराग हाथ लगे हैं.**

जांच में सामने आया कि आरोपी नवीन के खाते से शहजाद शेख नाम के व्यक्ति के बैंक खाते में करीब 2 करोड़ रुपये ट्रांसफर किए गए थे. इसी आधार पर ईडी ने मुंबई के बांद्रा और माहिम स्थित रिजवी हाईट्स में शहजाद शेख के



घरों पर छापेमारी की और उससे पूछताछ की. ईडी को छांगुर के 18 बैंक खातों का पता चला है, जिनमें करीब 68 करोड़ रुपये जमा पाए गए हैं. पिछले तीन महीनों में इनमें से 7 करोड़ रुपये की विदेशी फंडिंग भी दर्ज की गई है. इसके अलावा ईडी उसकी प्रॉपर्टी, आयकर रिटर्न और अन्य वित्तीय दस्तावेजों की बारीकी से जांच कर रही है.

## गुस्ताखी माफ

